# -:प्रेस नोट:-

## दिनांक- 29.08.2025

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण कर ली गई सलामी।**
- **पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का लिया गया जायजा, दुरुस्त सिखलाई के दिए निर्देश।**
- **पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने के दिए निर्देश।**
- **अग्निशमन की जानकारी के साथ पुलिस अधीक्षक बांदा ने रिक्रूटों को आकस्मिक परिस्थितियों के लिए तैयार रहने के दिए टिप्स।**

**विवरण**- आज दिनांक 29.08.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात पुलिस लाइन्न में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का भी जायजा लिया गया तथा प्रशिक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया और प्रशिक्षण में संतुलन बनाए रखने की बात कही। इसके अतिरिक्त रिक्रूटों को अग्नि शमन (Fire Fighting) संबंधी जानकारी भी दी गई, जिससे वे आकस्मिक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी बैरिक का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात रजिस्टर पेशी कर विभन्न रजिस्टरों को चेक किया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक व अग्निशमन अधिकारी श्री डॉ. मतलूब हुसैन व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।